भारत सरकार
खान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2314
दिनांक 15.03.2023 को उत्तर देने के लिए

बॉक्साइट-उत्पादक इकाइयां

†2314. श्री राहुल रमेश शेवाले:
श्री प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:
श्री चंद्र शेखर साहू:
श्री गिरीश भालचन्द्र बापट:

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) विगत दो वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में बॉक्साइट उत्पादक इकाइयों की जिला-वार संख्या कितनी है और उनकी वर्ष-वार क्षमता, स्थान तथा अनुमानित लक्ष्य क्या है;
(ख) क्या सरकार ने इन बॉक्साइट स्थलों पर वाणिज्यिक क्रिया-कलापों के संचालन के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) शुरू की है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) क्या राष्ट्रीय योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र में इन बॉक्साइट उत्पादकों को औद्योगिक रियायतें प्रदान की जाती हैं; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>
<u>खान, कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री</u>
<u>(श्री प्रल्हाद जोशी)</u>

(क): ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

(ख) और (ग): महाराष्ट्र सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्तमान में राज्य में इन बॉक्साइट स्थलों पर वाणिज्यिक कार्यकलापों का संचालन करने के लिए कोई सार्वजनिक-निजी भागीदारी नहीं हैं।

(घ) और (ङ): महाराष्ट्र सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्तमान में राष्ट्रीय योजना के तहत महाराष्ट्र में इन बॉक्साइट उत्पादकों को कोई औद्योगिक रियायतें नहीं दी जाती हैं।

****

अनुबंध-I

पिछले दो वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में बॉक्साइट उत्पादन इकाइयों का ब्यौरा:

क्र. सं.	पट्टेदार का नाम और पता	स्थान	कुल क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	वर्ष 2021-22 में क्षमता (टन)	वर्ष 2022-23 में क्षमता (टन)
जिला: रतनागिरी					
1	मैसर्स इंफ्रास्ट्रक्चर लॉजिस्टिक्स प्रा. लिमिटेड	ग्राम-गुहेघर, तहसील-मंडनगढ़	91.58	3,00,000	3,00,000
2	मैसर्स आशापुरा माइनकेम लिमिटेड	ग्राम- रोवाले, तहसील-दापोली	218.28	3,15,000	3,15,000
3	मैसर्स आशापुरा माइनकेम लिमिटेड	ग्राम- उम्बरशेत, तहसील-दापोली	99.86	4,33,160	4,27,118
जिला: रायगढ़					
1	मैसर्स व्याग्रेश्वर मिनरल्स	ग्राम-मिर्या-डोंगर, तहसील-पेन	79.98	98,004	1,50,000
2	प्राची माइंस	ग्राम- आदि-एम-खदी, करिवाने, धारावली, तहसील-श्रीवर्धन	72.216	0	2,00,000
जिला: कोल्हापुर					
1	मैसर्स शिवराम मिनरल्स	ग्राम-बुरंबल, पनुंद्रे, सोनुरलेउरले, शिराले, तहसील- शाहुवाड़ी	576.12	73,000	73,000
2	मैसर्स भारतेश कंस्ट्रक्शन कंपनी	ग्राम-गिरगाँव तहसील-शाहुवाड़ी	140.20	2,40,000	2,40,000